देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 16 अंकः 278 पृष्ठ : 8 मूल्यः एक रूपए

विचार-प्रवाह...शुरुआती आकाशगंगाएं



# पेज थ्री

देहरादून, शनिवार, 12 फरवरी 2022



मौसम अधिकतम 15.0° न्यूनतम 6.0° | 39243.39

2 रूस ने यूक्रेन को तीन तरफ से घेरा

7 श्रेयस और ठाकुर के महंगे बिकने की उम्मीद

## संक्षिप्त समाचार

### आज प्रियंका गांधी हल्द्वानी, लालकुआं और श्रीनगर में करेंगी जनसभा को संबोधित

**संवाददाता** देहरादून। भाजपा ने उत्तराखंड में अपने स्टार प्रचारकों की फौज उतार रखी है। इस मामले में कांग्रेस पीछे नजर आई। कांग्रेस को भाई–बहन यानी कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी और राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी से काफी उम्मीदें हैं। राहुल ने पांच फरवरी को किच्छा में किसानों संग संवाद करने के बाद उसी हरिद्वार में भी कांग्रेसियों में जोश भरा। अब मतदान से दो दिन पहले आज राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी हल्द्वानी, लालकुआं और श्रीनगर में कांग्रेस का ग्राफ बढ़ाने के लिए मैदान में उतर रही है।

### समाजवादी पार्टी का घोषणा पत्र जारी

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड विधानसभा चुनाव–2022 के लिए समाजवादी पार्टी का घोषणा पत्र जारी हो गया है। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव और उत्तराखंड के प्रभारी राजेन्द्र चौधरी ने उत्तराखंड के मतदाताओं के नाम अपील नाम से घोषणा पत्र जारी किया। इसमें पलायन पर भी फोकस किया गया है। समाजवादी पार्टी के घोषणा पत्र में पलायन रोकना, नई कृषि नीति लागू करना, भू बंदोबस्त पर काम करना, बंद पड़ी जल विद्युत परियोजनाओं को शुरू करना, प्रतिमाह एक गैस सिलेंडर मुफ्त देना, बिजली के बिलों में 50 प्रतिशत छूट देना, भ्रष्टाचार मुक्त लोक प्रशासन देना, यूपी माडल को उत्तराखंड में लागू करना शामिल हैं।

### भारत का सबसे बड़ा घरेलू बहुभाषी कथाकार जी5

**संवाददाता** देहरादून। जी5, भारत का सबसे बड़ा घरेलू वीडियो स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म और मनोरंजन चाहने वालों के लिए बहुभाषी कहानीकार, ने अपने चौथीं वर्षगांठ का जश्न मनाने के लिए 12 से 14फरवरी के बीच 3 दिवसीय कैंपेन जी5 इंडिया का बिंज–ए–थॉन के लॉन्च की घोषणा की है। इस पहल का उद्देश्य मंच के मनोरंजन समावेशन के दीर्घकालिक लक्ष्य को पूरा करना है, यहां उपभोक्ता तीन दिनों के लिए शीर्ष प्रीमियम वेब श्रृंखला और विभिन्न भाषाओं में फिल्मों का आनंद मुफ्त उठा सकेंगे।

### नई बीएमडब्ल्यू एम4 कॉम्पीटिशन कूपे भारत में लॉन्च

**संवाददाता** देहरादून। बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने आज नई बीएमडब्ल्यू एम 4 कॉम्पीटिशन कूपे को लॉन्च किया है। पेस.सेटिंग हाई परफॉर्मेंस स्पोर्ट्स कार आज से कम्प्लीटली बिल्ट.अप यूनिट के तौर पर शॉप.बीएमडब्ल्यू.इन पर उपलब्ध है।

# कांग्रेस की नीति रही है सबमें डालो फूट, मिलकर करो लूट

**निशाना**

■ पीएम नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा

**संवाददाता**

अल्मोड़ा। पीएम नरेन्द्र मोदी ने अल्मोड़ा के हेमवती नंदन बहुगुणा स्टेडियम से जनसभा को संबोधित करते हैं। कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के लोग सर्जिकल स्ट्राइक, गलवान में सेना के सौर्य पर सवाल उठाते रहे, जनरल बिपिन रावत को गुंडा कहते हैं, इन लोगों को उत्तराखंड लोग कभी नहीं भूलेंगे। कांग्रेस की पार्टी के लोग जब कांग्रेस के पास ही नहीं आ रहे हैं, उत्तराखंड नहीं आ रहे हैं, तो आप के पास कहां से आएंगे। इसलिए जब आप 14 तारीख को वोट डालने जाएंगे, तो कमल के लिए आपका हर एक वोट इस दशक को उत्तराखंड का दशक बनाएगा। याद रखिएगा पहले मतदान फिर जलपान।




पीएम मोदी ने कहा कि कटारमल सूर्य मंदिर के लिए हमने काफी काम किया है। इन कार्यों को और विस्तार देंगे। धामी सरकार होम स्टे योजना को बढ़ावा दे रही है। मैंने होम स्टे का संचालन करने वाले पहाड़ के भाइयों बहनों से बात की थी। होम स्टे पहाड़ में उभरने वाला सबसे बड़ा व्यवसाय होने वाला है। कुमाऊं की धरती महान खोजकर्ता पं नैन सिंह और पं किशन सिंह की भी धरती है। पुरानी सरकारों के जमाने में पलायन यहां का सबसे बड़ा मुद्दा रहा। ये चुनाव पलायन की धारणा को तोड़न और पर्यटन को बढ़ाने वाला होना चाहिए। आपको तय करना है कि पलायन कराने वाली सरकार चाहिए या फिर पर्यटन को बढ़ावा देने वाली सरकार होनी चाहिए।

काली कमाई होती रहे, दिल्ली दरबार में पहुंचती रहे, पुरानी सरकारें इस बात का ध्यान रखती थीं। भाजपा की सरकार में पहली बार तस्वीर बदलने का काम हुआ। जमरानी का काम जल्द शुरू करने वाले हैं। घर घर पानी पहुंचा रहे हैं। आठ लाख घरों को पानी का कनेक्शन दिया जा चुका है। इस बार के बजट में पानी का कनेक्शन 60 हजार करोड़ खर्च करेंगे इसके लिए। धामी की सरकार दोबारा बनने के बाद, उत्तराखंड के हर घर को नल से जोड़ दिया जाएगा। जिससे हमारी माताओं को भटकना न पड़े। आपका मोदीदा आपके लिए काम करेगा। उत्तराखंड में नदियों को बचाने के लिए बसंती देवी ने जो काम किया है, इसलिए जब पद्म पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

इस बार केन्द्र सरकार ने 80 लाख नए पक्के घर बनाने का लक्ष्य रखा है। उत्तराखंड में जिसे अभी पक्का घर नहीं मिला है, उसे भी देना है। इसके लिए धामी सरकार मेरी मदद कर रही है। पहले की सरकारों के लोग मकान के बदले में रिश्वत मांगते थे। मैं भी मांग रहा हूं, मुझे सिर्फ आशीर्वाद चाहिए। आप जब कमल पर बटन दबाते हैं तो उस आशीर्वाद की ताकत और बढ़ जाती है।

पीएम मोदी ने कहा कि सीमा से सटे गांवों के विकास के लिए हमने योजना बनाई है। बजट में इसकी व्यवस्था की है। इसे हमने अजय टम्टा की सलाह पर ऐसा किया है। उन्होंने मुझे इस बात को विस्तार से समझाया था। वाब्रेंट विलेज की योजना हमने बनाई है। कनेक्टीविटी बढ़ाने के लिए हमने काम किया है। हमने जो काम किया है, उससे पहाड़ का पानी और पहाड़ की जवानी काम आएगी। पीएम मोदी ने कहा कि कोरोना टीके को लेकर विरोधी अफवाह फैला रहे थे। कह रहे थे कि पहाड़ों पर एक गांव तक वैक्सीन नहीं पहुंच सकती। उत्तराखंड पर इन लोगों का इतना अविश्वास है। क्योंकि ये लोग इतना पड़ा काम कर ही नहीं सकते थे।

### ये कुमाऊं गढ़वाल को लड़ाते है

पीएम मोदी ने कहा कि हमारे विरोधी फूट डालने का काम करते हैं। ये कुमाऊं गढ़वाल को लड़ाते हैं, तराई–मैदान के लोगों को लड़ाते हैं। फूट डालकर लूटने का काम करते हैं। हमारे लिए पूरा उत्तराखंड एक है। उन्होंने कहा कि देवभूमि के देवतुल्य भइयों और बहनों, चारमंजिला आम सभा देख रहा हूं है। कोई कोना ऐसा नहीं दख रहा है, जहां अल्मोड़ा से लोग न आएं हों।

# भले ही पांच साल में तीन सीएम बदले, लेकिन विकास नहीं रुका

**जनसभा**

■प्रदेश में भाजपा सरकार बनते ही योग की अंतर्राष्ट्रीय राजधानी बनेगी हरिद्वारः राजनाथ सिंह

**संवाददाता**

देहरादून/टिहरी। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज शुक्रवार को उत्तराखंड पहुंचे। उन्होंने टिहरी जिले के घनसाली में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान केंद्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि देश के अंदर जब भाजपा की सरकार बनी थी तो उस वक्त देश की सेना कई समस्याओं से जूझ रही थी, लेकिन नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनते ही देश आर्थिक के रूप में मजबूत हुआ है।




रक्षा मंत्री ने कहा कि आज देश कमजोर नहीं बल्कि मजबूत है। जो दुश्मन को सीमा पार जाकर उसी के घर में मारने की ताकत रखता है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में फिर एक बार भाजपा कि सरकार बनने जा रही है। जिसके बाद प्रदेश के हर जिले में मेडिकल कॉलेज खोले जाएंगे।

**प्रदेश में अदला बदली की सरकार नहीं होनी चाहिएः** उन्होंने भारत सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि आज देश और प्रदेश के अंदर एक कुशल सरकार मौजूद है। चाहे वो किसान सम्मान निधि योजना, उज्ज्वला योजना, हर घर जल नल योजना सहित कई कल्याणकारी योजनाओं से लोगों को आज लाभ मिल रहा है। रक्षा मंत्री ने कहा कि प्रदेश में अदला बदली की सरकार नहीं होनी चाहिए। इससे विकास योजनाओं पर प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में भले ही इन पांच वर्ष के कार्यकाल में तीन मुख्यमंत्री बदले गए हों, लेकिन हमारी सरकार ने देवभूमि के विकास में कोई बाधा नहीं आने दी है।

उत्तराखंड को एक लाख करोड़ रुपए का आर्थिक पैकेज देने का काम किया है। कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार बनते ही हरिद्वार योग की अंतर्राष्ट्रीय राजधानी बनेगी। इस मौके पर बीजेपी के जिला अध्यक्ष विनोद रतूड़ी, आनंद सिंह, ब्लाक प्रमुख बसुमती घनाता, जयवीर सिंह मिया, कमलेश्वर कांसवाल आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### आप ने जारी किया वचन पत्र, कहा- घोषणा पूरी न हो तो कर सकते हैं केस

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड विधानसभा चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी ने अपना घोषणा पत्र वचन पत्र जारी कर दिया है। पार्टी के वरिष्ठ नेता और दिल्ली के कैबिनेट मंत्री गोपाल राय ने शुक्रवार को आप के प्रदेश कार्यालय में इसे जारी किया। उन्होंने कहा कि इस वचन पत्र का अगर एक भी वचन पूरा नहीं किया गया तो उत्तराखंड की जनता श्आपश पर मुकदमा कर सकती है। इसके लिए कर्नल अजय कोठियाल ने एफिडेबिट दिया है। आम आदमी पार्टी के वचन पत्र में अरविंद केजरीवाल की 10 गारंटी और कर्नल अजय कोठियाल के 119 वचन शामिल हैं। दून में गोपाल राय तो उत्तरकाशी में आम आदमी पार्टी के मुख्यमंत्री का चेहरा कर्नल अजय कोठियाल ने आप का वचन पत्र जारी किया। इसके साथ वचन पत्र में किए गए वादों को लेकर कर्नल अजय कोठियाल ने शपथ पत्र भी दिया है। कर्नल कोठियाल ने कहा कि जनता की आवाज सुनकर वचन पत्र बनाया है।

**सभी पूर्व सैनिकों को सरकारी नौकरी के साथ पुनर्निर्माण में करेंगे शामिलः केजरीवाल**

देहरादून। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने आज उत्तराखंड के पूर्व सैनिकों के लिए एक वीडियो संदेश जारी किया है। उन्होंने कहा कि अगर उत्तराखंड में हमारी सरकार बनेगी तो हम सभी पूर्व सैनिकों को सीधे उत्तराखंड सरकार में नौकरी देंगे और उन्हें उत्तराखंड के पुनर्निर्माण में शामिल करेंगे।

In a Digital World Why
To wait for a Howker

Visit Us at https://www.page3news.co.

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+






Scan This Code

Read News
Watch News Channel